» न्यूज-ब्रीफ

कलक्टर ने मिनी सचिवालय व ईवीएम वेयरहाउस के लिए प्रदान किये पट्टे

- जिला कलक्टर द्वारा मिनी सचिवालय के लिए किया गया है 10.30 हैक्टेयर भूमि का आवंटन

सीमा सन्देश संवाददाता

डीडवाना-कुचामन। जिला कलक्टर डॉ.महेंद्र खड़गावत के निर्देशन में जिले में महत्वपूर्ण एवं बुनियादी राजकीय कार्यालयों के लिए भूमि आवंटन के साथ ही पट्टे जारी करने का कार्य शीघ्रता से किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला कलक्टर ने गुरुवार को मिनी सचिवालय व ईवीएम वेयरहाउस के लिए आवंटित भूमि का पट्टा अतिरिक्त जिला कलक्टर और तहसीलदार को प्रदान किया। अतिरिक्त जिला कलक्टर मोहन लाल खटनावलिया ने बताया कि जिला कलक्टर डॉ खड़गावत के निर्देश पर डीडवाना तहसील के मौजा मंडाबासनी में मिनी सचिवालय के लिए 10.38 हैक्टेयर एवं ईवीएम वेयरहाउस के लिए 0.6472 हैक्टेयर भूमि का आवंटन किया गया था, जिसके बाद जिला कलक्टर के निर्देशन में जिला प्रशासन ने त्वरित कार्यवाही कर उक्त दोनों भवनों के लिए पट्टे प्रदान किये गये है। उन्होंने बताया कि जिला कलक्टर के निर्देश पर किये जा रहे भूमि आवंटन व पट्टा जारी करने के कार्य से ना केवल राजकीय कार्यालयों के भवन निर्माण का कार्य शीघ्रता से होगा साथ ही जनसुविधाओं के विकास में भी तेजी आयेगी।

रालोपा का बढ़ता परिवार : थाटा पंचायत के जनप्रतिनिधियों ने थामा रालोपा का हाथ

सीमा सन्देश संवाददाता

डेगाना। राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (रालोपा) के संगठन विस्तार के तहत आज रालोपा सुप्रीमो श्री हनुमान बेनीवाल जी के दिल्ली स्थित निवास पर डेगाना विधानसभा क्षेत्र से रालोपा युवा नेता अशोक टांडी के नेतृत्व में ग्राम पंचायत थाटा से आए प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस दौरान पंचायत के सरपंच कैलाश मेघवाल, वार्ड पंच सुशील लांगर तथा अन्य साथियों ने रालोपा की सदस्यता ग्रहण की। मुलाकात के दौरान हनुमान बेनीवाल ने सभी नए साथियों का स्वागत करते हुए कहा कि रालोपा जनआकांक्षाओं की पार्टी है और संगठन को मजबूत करने में जुझारू व जमीनी कार्यकताओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। पार्टी के सुप्रीमो हनुमान बेनीवाल के निदेर्शानुसार थाटा पंचायत के अन्य सदस्यों को शीघ्र ही नागौर स्थित आवास पर औपचारिक रूप से सदस्यता दिलवाई जाएगी। रालोपा अब डेगाना क्षेत्र में प्रत्येक गांव व प्रत्येक पंचायत में एक-एक कमेटी का गठन कर रही है, जिसके माध्यम से ग्रामीण स्तर तक पार्टी की नीतियों को पहुंचाने और आमजन को पार्टी से जोड़ने का अभियान तेजी पकड़ रहा है। जल्द ही डेगाना विधानसभा क्षेत्र के सभी गांवों से प्रतिनिधिमंडलों की हनुमान बेनीवाल से मुलाकात करवाई जाएगी।

पुरश्चरण महायज्ञ को लेकर डेगाना ब्राहमण समाज को दिया निमंत्रण

सीमा सन्देश संवाददाता

डेगाना। आगामी 8 मार्च से लेकर 19 अप्रेल तक गायत्री शक्तिपीठ मणि वेदिका पुष्कर मे होने वाले भगवती माता गायत्री की प्रेरणा से भारत सहित सम्पूर्ण विश्व को आतंकवाद, अशान्ति व विविध उपद्रवों से मुक्त कराने तथा भारत राष्ट्र में सनातन धर्म की पुनर्स्थापना हेतु शत (100) गायत्री पुरश्चरण महायज्ञ का विराट आयोजन किया जायेगा। जिसे लेकर स्वामी प्रखार जी महाराज ने बुधवार को डेगाना के परसुराम शिक्षण सेवा संस्थान प्रागण में समाज के पदाधिकारियों की बैठक में इस विशाल आयोजन की रूपरेखा के बारें मे बताया ओर महायज्ञ मे अधिकाधिक संख्या मे ब्राहमण समाज को आने का न्यौता दिया। इस दौरान स्वामी जी ने भगवान परसुराम जी की पूजा अर्चना कर आशिर्वाद लिया।

सरदार पटेल पी. जी. कॉलेज में फ्रेशर पार्टी का हुआ आयोजन

सीमा सन्देश संवाददाता

लोसल। सरदार पटेल पी.जी. एवं टी.टी. महाविद्यालय में बुधवार को फ्रेशर-पार्टी के साथ सुंदरकांड का भी आयोजन हुआ।कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के निदेशक डॉ. अरविंद भूकर सचिव सरोज भूकर ने मां-सरस्वती की चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया।कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने अनेक रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी।इस मौके पर मिस्टर फ्रेशर एवं मिस फ्रेशर के चुनाव हेतु कई रोचक प्रतियोगिताएं रखी गई।जिसमें बीएससी बीएड प्रथम वर्ष के छात्र जयसिंह गरासिया को मिस्टर फ्रेशर चुना गया तथा बीए बीएड प्रथम वर्ष की छात्रा निर्मला चौधरी को मिस फ्रेशर हेतु चुना गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के निदेशक डॉ. अरविंद भूकर ने नव आगंतुक विद्यार्थियों को बधाई दी, और कहा कि वह महाविद्यालय की गरिमा को संपूर्ण राष्ट्र तक पहचान दिलाएं। नव आगंतुक छात्र-छात्राओं का तिलकार्चन कर स्वागत किया साथ ही महाविद्यालय में धार्मिक कार्यक्रम व संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन हुआ।गायक कलाकार विकास शर्मा एवं मंडली ने मधुर संगीत के साथ कार्यक्रम में समां बांधा। जिससे सभी श्रोतागण सरोबार हुए एवं आनंद उठाया।कार्यक्रम में प्राचार्य दीपेंद्र सिंह व समस्त कर्मचारीगण मौजूद रहें।

'सड़क-पानी बिजली की पीर... रजलानी में आंदोलन गंभीर'

दिनेश कड़वासरा

गोटन। कस्बे के निकटवर्ती रजलानी गांव में जनहित की मांगों को लेकर शुरू हुआ अनिश्चितकालीन धरना गुरुवार को दूसरे दिन भी पूरी ताकत के साथ जारी रहा। ग्राम प्रशासक पारस गुर्जर के नेतृत्व में सैकड़ों ग्रामीण और महिलाएं धरना स्थल पर जुटीं और विभागीय उदासीनता के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

धरने के दूसरे दिन भी कोई आला अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश और बढ़ गया। महिलाओं ने भी प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि अब बिना समाधान घर लौटना संभव नहीं।

ग्राम प्रशासक पारस गुर्जर ने बताया कि स्टेट हाईवे 145 के अधूरे पड़े कार्य, सड़क मरम्मत, पेयजल संकट, बिजली व्यवस्था और विद्यालय में रिक्त पदों को भरने जैसी मुख्य जनसमस्याओं को लेकर

आंदोलन जारी है। उन्होंने कहा कि पीडब्ल्यूडी और विद्युत विभाग के सहायक अभियंता स्थल पर आकर आश्वस्त कर गए थे, लेकिन 'अभी तक धरातल पर एक भी कार्य शुरू नहीं हुआ है। गुर्जर ने चेताया कि जब तक सभी विभागीय अधिकारी धरना स्थल पर आकर स्थायी समाधान नहीं देंगे, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। ग्रामीणों ने कहा कि प्रशासन के ढुलमुल रवैए से उनकी समस्याएं सालों से लंबित हैं, इसलिए अब वे पीछे हटने वाले नहीं। धरना स्थल पर किसी भी संभावित तनाव को देखते हुए आसोप थानाधिकारी पुलिस जाप्ते सहित पूरे दिन तैनात रहे। इसके बावजूद दूसरे दिन भी उच्च अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचे, जिससे ग्रामीणों में नाराजगी चरम पर रही। ग्रामीणों ने साफ कहा कि यदि उनकी सभी जनहितकारी मांगें पूर्ण नहीं होतीं, तो वे स्टेट हाईवे 145 को जाम करने के लिए मजबूर होंगे। उन्होंने चेतावनी दी—ह्लअब समाधान ही विकल्प है, वरना सड़क ही आंदोलन का मंच बनेगी।

इनका कहना है

ग्राम पंचायत रजलानी में विभिन्न जनहित मांगो को लेकर ग्रामीणों के साथ अनिश्चितकालीन धरना जारी है और जब तक अधिकारियों के द्वारा हमारी मांगों का समाधान नहीं किया जाएगा तब तक धरना जारी रहेगा।

पारस गुर्जर
प्रशासक ग्राम पंचायत रजलानी

मिर्धा नगर में पेयजल सप्लाई पाइप में व्यवधान को किया विभाग ने दुरस्त

सीमा सन्देश संवाददाता

कुचामनसिटी। मिर्धा नगर कुचामनसिटी में लम्बे समय अन्तराल से पेयजल वितरण पाईपलाईन में चौकिंग होने के कारण पेयजल सप्लाई बाधित थी। जिसका सहायक अभियन्ता एवं कनिष्ठ अभियन्ता (शहरी) द्वारा मौका निरीक्षण किया गया जिसमें पेयजल वितरण पाईपलाईन अवरूद्ध होना पाया गया जिसे चोकिंग निकलवाकर दूरूस्त कर दिया गया एवं पेयजल आपूर्ति सुचारू की गई। वर्तमान में मिर्धा नगर कुचामनसिटी में पेयजल वितरण नियमित अन्तराल से किया जा रहा है। आमजन से अपील है कि पेयजल प्रकृति द्वारा निर्मित है बनाया नहीं जा सकता है अतः जल का सही सदुपयोग करें व्यर्थ ना बहायें एवं विभाग को सहयोग प्रदान करे।

मनरेगा में दो वर्ष में नहीं बन सकी ग्रेवल सड़क, पैदल चलना दूभर

सीमा सन्देश संवाददाता

कुचामन सिटी। कुचामन पंचायत समिति अंतग्रत ग्राम पंचायत दीपपुरा में मनरेगा योजना के तहत बनाई जा रही ग्रेवल रोड़ दो साल में भी बनकर तैयार नहीं हो पाई है जिसके चलते ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रेवल सडक के नाम पर बड़े-बड़े बोल्डर पत्थर बिछाकर बिना रोलर चलाए ही छोंड़ दिया गया है जिसके चलते यह सडक अब पैदल चलने लायक भी नहीं है। ग्रामीण क्षेत्रों में मनरेगा योजना के तहत चल रहे ऐसे और भी कई निर्माण कार्यों की यही स्थिति है जिसे देखने सुनने वाला कोई नहीं है जानकारी के अनुसार स्थानीय निवासी परसाराम बुगालिया ने बताया कि ग्राम पंचायत दीपपुरा में शिवदानपुरा-शिव सड़क से

बड़े-बड़े पत्थर डालकर खुर्दबुर्द सड़क बनाने का आरोप

बिजारणियों की ढाणी तक 10.24 लाख से ग्रेवल सडक का निर्माण कराया जा रहा है। उक्त सडक का निर्माण लगभग दो वर्ष पूर्व प्रारंभ हुआ था जो अभी भी निमार्णाधीन ही है पूरी सडक में बड़े-बडे पत्थर बिछाए जा रहे है और उसमें रोलर भी नहीं चलवाया गया है जिसके चलते सडक पर पैदल चलना भी दूभर हो रहा है मनरेगा योजना के तहत निमार्णाधीन यह ग्रेवल रोड अब स्थानीय रहवासियों के लिए सरदर्द बन गई है इसका कारण है की मनरेगा योजना के अंतर्गत बनने वाली यह सड़क कई सालों से अधूरी है। पूर्व वार्ड पंच परसाराम बुगालिया और ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत में बनने वाली यह सड़क कई सालों से अधूरी है यह सड़क मनरेगा योजना के तहत बनाई जा रही है इसकी राशि 10 लाख 24 हजार रुपए की स्वीकृत हुई थी इसके बावजूद आज तक इस सड़क का कार्य नहीं हुआ है ग्राम पंचायत द्वारा बड़े-बड़े बोल्डर पत्थर सड़क पर डलवाए गए हैं इसके कारण ग्रामीणों को बैलगाड़ी ऊंट गाड़ी दुपहिया वाहन व ट्रैक्टर निकालने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ग्रामीणों को इन बड़े-बड़े पत्थरों व उबडखाबड़ सड़क से रोजाना परेशान होना पड़ रहा।

प्रधानमंत्री सूक्ष्म खादय उद्योग उन्नयन योजना की कार्यशाला होगा आयोजन

सीमा सन्देश संवाददाता

डेगाना । प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना के लिए मण्डी समिति डेगाना में आज शुक्रवार को प्रातः10 बजे से साय 4 बजे तक आवेदन भरे जायेगे, और योजना के बारे में अधिक जानकारी दी जायेगी। इस योजना मे नई और पुरानी खादय इकाईयों को स्थापित करने के लिए केन्द्र और राज्य सरकार मिलकर 35 प्रतिशत या अधिकमत 10 लाख रुपयें तक का अनुदान दिया जायेगा। इस योजना के अन्तर्गत अनुदान के साथ ही विभिन्न बैंको द्वारा ऋण की सहायता का प्रावधान है एवं मशीनरी सम्बन्धी जानकारी उपलब्ध करवाई जायेगी। अतः बैठक मे भाग लेने हेतु आज शुक्रवार को मण्डी समिति डेगाना में कार्यशाला का आयोजन किया रहा है जिसमें अधिक से अधिक संख्या मे भाग लेकर योजना का लाभ ले सकते हैं।

मकराना प्रधान भीचर ने किया सिंगल फेज ट्यूबवेल का शुभारंभ

सीमा सन्देश संवाददाता

मकराना। मकराना विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत नीमड़ी के राजस्व ग्राम लाडोली में गुरुवार को सिंगल फेज ट्यूबवेल का शुभारंभ किया गया। इस ट्यूबवेल का लोकार्पण मकराना प्रधान एवं भाजपा प्रत्याशी सुनीता भींचर द्वारा मेघाराम गुर्जर की ढाणी के पास किया गया। कार्यक्रम में मकराना पंचायत समिति के विकास अधिकारी दीपक चौधरी, नीमड़ी सरपंच उगमाराम राड़ां, उप सरपंच चंद्रभान सिंह, पंचायत समिति सदस्य भंवराराम डूडी, रवि शर्मा सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य ग्रामीण उपस्थित रहे।ट्यूबवेल के शुभारंभ से स्थानीय ग्रामीणों को पेयजल के कार्यों में महत्वपूर्ण सुविधा मिलेगी और क्षेत्र के विकास को गति मिलने की उम्मीद है।

खेल प्रतियोगिता का भव्य शुभारम्भ

सीमा सन्देश संवाददाता

दांतारामगढ़। दांता कस्बे में अवस्थित संस्कार ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स में खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य शुभारम्भ प्रातः 10 बजे संस्थान के खेल मैदान में माँ सरस्वती एवं गणेशजी महाराज की पूजा अर्चना कर व खेल ध्वज फहरा कर संस्थान के चैयरमैन प्रकाश भाकर व प्राचार्य डॉ. बुधप्रकाश, डॉ. आर. के. सैनी व स्कूल प्राचार्य राधा कृष्णन द्वारा किया गया। संस्थान के चैयरमैन प्रकाश भाकर में बताया कि संस्थान में तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है, जिसमे प्रथम दिन वॉलिबाल, 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, लम्बी कूद, उंच्ची कूद तथा द्वितीय दिन कबड्डी खो-खो, बास्केटबाल, चम्मच दौड़, टेबल टेनिस आदि खेलो का आयोजन संस्थान में किया जायेगा एवं इनका फाइनल मैच 6 दिसंबर (शनिवार) को होगा।

प्रेस क्लब गोटन का गठन, अशोक सोलंकी अध्यक्ष चुने गए

सीमा सन्देश संवाददाता

गोटन। गोटन कस्बे के परिक्षेत्र के पत्रकारों को एकजुट कर मजबूत मंच प्रदान करने के उद्देश्य से प्रेस क्लब गोटन की महत्वपूर्ण बैठक गुरुवार को शिवराम वंशम रिसॉर्ट में आयोजित हुई। गोटन परिक्षेत्र के विभिन्न मीडिया संस्थानों से जुड़े पत्रकारों ने बड़ी संख्या में भाग लेते हुए सर्वसम्मति से प्रेस

क्लब गोटन की नींव रखी। बैठक में संगठन की प्रथम कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें वरिष्ठ पत्रकार अशोक कुमार सोलंकी को अध्यक्ष पद की बागडोर सौंपी गई। महेंद्र मेघवाल को उपाध्यक्ष, दिनेश कड़वासरा को सचिव, सुरेश सरगरा को सहसचिव तथा रामकुमार बांगड़ा को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया।

वहीं नरोत्तम जारोडियां को उप कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रेस क्लब का उद्देश्य पत्रकारों को एक मंच पर लाना, उनके हितों की रक्षा करना और क्षेत्र में सकारात्मक एवं जवाबदेह पत्रकारिता को बढ़ावा देना है। साथ ही पत्रकारों के पेशागत चुनौतियों के समाधान और आवश्यक सहयोग के लिए संगठन सदैव तत्पर रहेगा। बैठक में मौजूद पत्रकारों ने नई कार्यकारिणी को बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि प्रेस क्लब गोटन क्षेत्र की पत्रकारिता को सशक्त दिशा प्रदान करेगा।

गिरफ्तार आरोपी — एससी आयोग के अध्यक्ष ने लिया घटना का जायजा

आरोपी की पुलिस ने करवाई पैदल परेड

सीमा संदेश संवाददाता

परबतसर। कस्बे के निकट गत दिवस पीह गांव में डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा तोड़ने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। एक नाबालिग को भी डिटेन किया गया है। पुलिस गिरफ्तार आरोपी फिरोज अली पुत्र शकुर मोहम्मद देशवाली को लेकर पीह पहुंची। बाजार में उसकी पैदल परेड करवाई गई। यह कार्रवाई डिप्टी एसपी विक्की नागपाल और थानाधिकारी महीराम बिश्नोई के नेतृत्व में की गई। बुधवार शाम राजस्थान अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष राजेंद्र नायक घटनास्थल पर पहुंचे। सरपंच अमरचंद जाजड़ा ने अध्यक्ष को पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। मौके पर भाजपा जिला महामंत्री नवनील गौड़, भाजपा अनुसूचित मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रमोद आर्य, पीलवा मंडल अध्यक्ष दयाल चौहान, हरसोर मंडल अध्यक्ष अमित आसोपा, जिला महामंत्री अनुसूचित जाति मोर्चा खेताराम सिसोदिया आदि मौजूद रहे।

'प्रतिमा तोड़ना मानवता पर हमला'

परबतसर. राज्य अनुसूचित जाति एवं वित्त आयोग के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार नायक बुधवार शाम परबतसर पहुंचे। डाक बंगले पर मीडिया से चर्चा में उन्होंने ग्राम पीह में बाबासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा को खंडित करने की घटना को शर्मनाक और मानवता पर हमला बताया। नायक ने कहा कि डॉ. आंबेडकर केवल भारत ही नहीं, बल्कि विश्वभर में अपने ज्ञान और योगदान के लिए सम्मानित है। नायक ने बताया कि प्रतिमा खंडित करने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की है। एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है तथा दूसरा नाबालिग होने की संभावना है। शेष आरोपियों की भी पहचान कर ली गई है। उन्होंने बताया कि बहुत जल्द यहां फिर से सुन्दर और भव्य प्रतिमा स्थापित की जाएगी। इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री नवनील गौड़, एसडीएम कुसुमलता चौहान, तहसीलदार हरेंद्र सिंह आदि मौजूद थे।

GRIHUM HOUSING FINANCE

गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालयः छठी मंजिल, बी बिल्डिंग, गंगा टूनो, लोहेगांव, पुणे, महाराष्ट्र 411014
ब्रांच ऑफ यूनिटः पहली मंजिल, जगदम्बा टॉवर, एफ-11, आम्रपाल सर्किल, वैशाली नगर, जयपुर 302102

ई-नीलामी-बिक्री सूचना

सरफेसी अधिनियम के तहत सुरक्षित अचल आस्ति की बिक्री के लिए ई-नीलामी विक्रय सूचना

प्रतिभूतिकरण और वित्तीय आस्तियों के पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002(अधिनियम) सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 व 9 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना एतद्द्वारा जनसामान्य को और विशेष रूप से ऋणधारकों/सह-ऋणधारकों/बंधककर्ता(ओं)/जमानतदार(ओं) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियों को **गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड** और (इसके बाद अधिनियम के अनुसार 'सुरक्षित लेनदार' के रूप में संदर्भित किया है) के पास बंधक रखा है, जिसका कब्जा सुरक्षित लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी ने अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन नोटिस की पालना में अधिनियम की धारा 13(12) सहपठित प्रतिभूति हित(प्रवर्तन) नियम के नियम 8 व 9 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्राप्त कर लिया है।

सुरक्षित आस्तियों को ई-नीलामी के माध्यम से 26.12.2025 को 'जो है जहां है', 'जो है क्या है' और 'वहां जो भी है'के आधार पर बेची जाएंगी। एतद्द्वारा आमजन को सूचित किया जाता है कि हम वेबसाइटः https://www.bankeauctions.com. पर उपलब्ध ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से सार्वजनिक नीलामी करने जा रहे हैं। बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया जीएचएफएल/सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट यानी www.grihumhousing.com पर दिए गए लिंक को देखें।

प्रस्ताव संख्या ग्राहक का नाम (ए)	मांग सूचना दिनांक और बकाया राशि (बी)	कब्जे का प्रकार(सी)	संपत्ति का विवरण (डी)	आरक्षित मूल्य (ई)	ईएमडी (आरपी का 10%) (एफ)	ईएमडी जमा करने की तिथि(जी)	बोली वृद्धि (एच)	सम्पत्ति निरीक्षण तिथि व समय (आई)	नीलामी की तिथि और समय (जे)	ज्ञात भार/कोर्ट केस, यदि कोई हो, (के)
ऋण खाता सं. HL00623100000005023245 मिथलेश सिंह (ऋणधारक) कंचन देवी (सह-ऋणधारक)	नोटिस दिनांकः 10.09.2025 कुल बकायाः रु. 1896405/- (रुपये अठारह लाख छियानवे हजार चार सौ पांच मात्र) 10.09.2025 के अनुसार देय व इस पर भुगतान तक 13.35 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से ब्याज सहित	भौतिक	मॉडल टाउन-द्वितीय, खोरा बिसल, जयपुर-302012 के प्लॉट नंबर 5-ए के समस्त खंड एवं हिस्से। (इसके बाद इसे 'उक्त सम्पत्ति' कहा जाएगा) सीमाएं इस तरह हैंः प्लॉट नंबर 5-ए कुल क्षेत्र (100.3 स्क्वे. याड्र्स) **पूर्व :** प्लॉट नंबर 6-ए **पश्चिमः** प्लॉट नंबर 4-ए, **उत्तरः** 20 फीट. चौड़ी सड़क, दक्षिणः अन्य की भूमि।	रु. 1811743/- (रुपये अठारह लाख ग्यारह हजार सात सौ तियालीस मात्र)	रु. 181174.30/- (रुपये एक लाख इक्यासी हजार एक सौ चौहत्तर व पैसे तीस मात्र)	05.01.2026 सायं 5 बजे से पहले	10,000/	02.01.2026 (प्रातः 11- सायं 4 बजे)	06.01.2026 (प्रातः 11- सायं 2)	निल

इच्छुक बोलीदाताओं/खरीदारों को सलाह दी जाती है कि वे सुरक्षित लेनदार शाखा और नीलामी संपत्तियों का दौरा करें, और अपनी स्वयं की पूछताछ करें और अतिरिक्त शुल्क, भारों और किसी तीसरे पक्ष के हितों का पता लगाएं और बोलियां जमा करने से पहले सभी पहलुओं में खुद को संतुष्ट करें। सभी वैधानिक बकाया जैसे संपत्ति करों, बिजली/पानी का बकाया और संपत्ति से जुड़ा कोई अन्य बकाया, यदि कोई हो, का पता लगाया जाना चाहिए और सफल बोलीदाता द्वारा भुगतान किया जाना चाहिए।

इच्छुक बोलीदाताओं को पोर्टल पर स्वयं को पंजीकृत करना होगा और जो नीलामी सेवा प्रदाता) सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड पता- प्लॉट नंबर-68 तृतीय तल गुड़गांव हरियाणा-122003. हेल्पलाइन नंबर- 7291981124,25,26 सपोर्ट ईमेल आईडी Support@bankeauctions.com संपर्क -व्यक्ति विनोद चौहान, ईमेल आईडी- delhi@c1india.com संपर्क नंबर- 9813887931 से अग्रिम रूप से ही लॉगिन आईडी और पासवर्ड प्राप्त करना होगा, जो ई-बोली के लिए अनिवार्य है। कृपया ध्यान दें कि संभावित बोलीदाता केवल उन्हीं से ई-नीलामी पर ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। इच्छुक क्रेता/बोलीदाता को 'गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड' के नीलामी आय खाता बैंक-आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, पंचशील टेक पार्क, नजदीक गणपति चौक, 43/44 विमान नगर, 411014, खाता संख्या-091551000028 और आईएफएससी कोड- ICIC0000915 के खाते में एनईएफटी/आरटीजीएस/डीडी के माध्यम से बयाना राशि जमा (ईएमडी) की राशि जमा करना आवश्यक है, 05.01.2026 को या उससे पहले किसी भी राष्ट्रीयकृत या अनुसूचित बैंक पर आहरित किया और https://www.bankeauctions.com पर अपना नाम पंजीकृत करें और उपयोगकर्ता आईडी और पासवर्ड निःशुल्क प्राप्त करें और सेवा प्रदाता से ई-नीलामी पर प्रशिक्षण प्राप्त करें। वेबसाइट पर अपने पंजीकरण के बाद, इच्छुक क्रेता/बोलीदाता को अपलोड किए गए निम्नलिखित दस्तावेजों की प्रतियां प्राप्त करने के लिए यहां पता- **पताः प्रथम तल, जगदम्बा टॉवर, एफ-11, आम्रपाली सर्किल, वैशाली नगर, जयपुर-302021, मोबाइल नं. +91 9567626050 ई-मेल आईडी rahul.r1@grihumhousing.com** को ई-मेल व स्व-अभिप्रमाणित हार्ड कॉपी भेजने की आवश्यकता है। ई-नीलामी में भाग लेने हेतु नियम व शर्तों के अधिक विवरण के लिए कृपया https://www.bankeauctions.com या **www.grihumhousing.com** पर जाएं।

यह सूचना ऋणधारक/सह-ऋणधारक/बंधककर्ता(ओं) जमानतदार(ों) को प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम - 2002 के के नियम 8(6) के अधीन 30 दिनों के नोटिस के रूप में भी ली जाये।

स्थानः जयपुर (राजस्थान)
तिथि : 05.12.2025

प्राधिकृत अधिकारी
गृहम हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड